कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे कृष्ण भजन लिरिक्स

तेरा सजा दिया दरबार,
कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे,
प्यारा लागे बड़ा प्यारा लागे।bd।

माथे मोर मुकुट विराजे,
कानो में तेरे कुण्डल साजे,
राधा नाचे गोपी नाचे,
बंसी जब जब तेरी बाजे,
तोहे मीरा रही है पुकार,
कान्हा जी बड़ा प्यारा लगें,
प्यारा लागे बड़ा प्यारा लागे।bd।

चरणों में तेरे शीश नवाऊँ,
माखन मिश्री का भोग लगाऊं,
धाम छोड़ कर कहीं ना जाऊं,
जीवन सारा यहीं बिताऊं,
तेरे चरणों में मेरा संसार,
कान्हा जी बड़ा प्यारा लगें,
प्यारा लागे बड़ा प्यारा लागे।bd।

गुरु हज़ारी आये तेरे द्वारे,
सुदेश संतराम हैं तेरे प्यारे,
नीरज भगत लिखे भजन तुम्हारे,
बाबुल कान्हा तुम्हे पुकारे,
दर्शन दो आर्यन को एक बार,
कान्हा जी बड़ा प्यारा लगें,
प्यारा लागे बड़ा प्यारा लागे।bd।

तेरा सजा दिया दरबार,
कान्हा जी बड़ा प्यारा लगे,
प्यारा लागे बड़ा प्यारा लागे।bd।

Singer – Aryan KDR

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com